जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2013/884 दिनांक : 30.03.2013

प्रति,

प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
(वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रेल 2013)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः–स्नातकोत्तर एम0ए0 पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध (वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रेल 2013) के विषयों में विसंगति बावत् आवश्यक दिशा निर्देश ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर एम0ए0 पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध (वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रेल 2013) की घोषित समय सारणी में विषयों में विसंगति होने की शिकायत की गई है।

इस सम्बंध में लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर एम0ए0 पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध में लिये जाने वाले विषयों का निर्धारण गत वर्ष ही किया जा चुका है। लेकिन महाविद्यालयों द्वारा स्नातकोत्तर परीक्षा के आवेदन पत्र अग्रषित करते समय छात्रों द्वारा गलत रूप से चयन किये गये विषयों पर ध्यान न देने के कारण एम0ए0 पूर्वार्द्ध के विषय एम0ए0 उत्तरार्द्ध के छात्र ने चयन कर लिये और एम0ए0 उत्तरार्द्ध के विषय एम0ए0 पूर्वार्द्ध के छात्र द्वारा चयन किये गये है। जबकि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय–सारणी में एम0ए0 पूर्वार्द्ध एवं एम0ए0 उत्तरार्द्ध के सही विषयों को दर्शाया गया है जिसमें की छात्रों को (वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रेल 2013) परीक्षा में सम्मिलित होना है।

अतः आपके महाविद्यालय के किसी छात्र ने परीक्षा समय–सारणी से भिन्न कोई विषय चयन किये हैं, तो आप छात्र के आवेदन पत्र में महाविद्यालय लॉगिन से विषयों को परिवर्तित कर छात्र को सही विषयों की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदान करें।

विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्थिति में एम0ए0 उत्तरार्द्ध के छात्र को एम0ए0 पूर्वार्द्ध **के विषयों का चयन कर तथा एम0ए0** पूर्वार्द्ध **के छात्र को एम0ए0 उत्तरार्द्ध के विषयों का चयन कर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अधिक जानकारी के लिये विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग के श्री अरूण गुप्ता से दूरभाष क्रमांक 0751–2442626 पर संपर्क करें।**

उप–कुलसचिव(गोपनीय)